जांच जारी

आरोपी मौके से फरार, परिजन घायल बच्चे को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे

# पत्थर पटक कर 5 वर्षीय बालक की हत्या

**नवभारत,दमोह. जिले के नोहटा थाना क्षेत्र के कुलुवा पटी गांव में शनिवार शाम 5 वर्षीय बच्चे की पत्थर पटक कर हत्या कर दी गई. घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया.परिजन घायल बच्चे को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर आए जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया है.शव को जिला अस्पताल के शव ग्रह में रखवाया गया है. रविवार सुबह पोस्टमार्टम कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा.**

जानकारी के अनुसार देवेंद्र पिता भगत सिंह 5 निवासी कुलवा पटी के ऊपर अखिलेश उर्फसतीश नाम के युवक ने पत्थर पटक कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया.जिसकी जिला अस्पताल में मौत हो गई.जानकारी लगते ही कोतवाली टीआई मनीष कुमार जिला अस्पताल पहुंचे.उन्होंने बताया कि परिजनों ने पूंछताछ में बताया बच्चा शाम के समय खाना खाने के बाद गांव में ही चबूतरे के पास खेल रहा था. इसी दौरान सतीश नाम के युवक ने उसके सिर पर हमला कर घायल कर दिया. जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया.जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया है.घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है कि आखिर आरोपी ने घटना को अंजाम क्यों दिया.



जीवित अवस्था का चित्र

आरोपी अखिलेश उर्फ सतीश

आरोपी की तलाश में पुलिस चारों और चेकिंग कर रही है और परिजनों के भी बयान लिए जा रहे हैं.मृतक के दादा रूप सिंह ने बताया उन्हें भी नहीं पता कि आरोपी सतीश ने उनके पोते को क्यों मारा है वह गंभीर हालत में पड़ा मिला था.

**ग्रामीणों के सहयोग से पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेने की खबर**

नोहटा थाना क्षेत्र के कुलुआ पटी में 5 वर्षीय मासूम की सिर पर पत्थर पटक कर हत्या हो जाने के बाद दमोह पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदोरिया के मार्गदर्शन में एसडीओपी तेंदूखेड़ा अर्चना अहीर के नेतृत्व में बांदकपुर चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रियाना सरपंच दर्शन सिंह,जुझार कोटवार धर्मेंद्र और मुडारी क्षेत्र वासियों के सहयोग से बांदकपुर चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा सहित पुलिस थाना प्रभारी जबेरा विकास सिंह चौहान, चौकी प्रभारी मनीष यादव, थाना प्रभारी अभिषेक पटेल के विशेष योगदान से आरोपित सतीश को हिरासत में लेने की खबर ग्रामीणों के द्वारा आ रही है.

## कुम्हारी शांति समिति की बैठक

कुम्हारी नवभारत 1 मार्च। होली त्यौहार को लेकर शांति समिति बैठक का आयोजन थाना परिसर कुम्हारी में किया गया। इसमें बताया गया कि त्यौहारों को शांतिपूर्ण मनाए जाने के साथ ही शराब बिक्री प्रतिबंधित रहेगी। किसी भी प्रकार की अशांति फैलाने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। बैठक के दौरान निर्देशित किया गया कि किसी को भी जबरदस्ती रंग नहीं लगाये। क्षेत्र में किसी भी तरह की अव्यवस्था या अशांति होती है पुलिस को तुरंत फोन कर सूचित करें। बैठक में थाना प्रभारी बृजेश पांडे की उपस्थिति में बिंदुवार चर्चा की गई। कुम्हारी में ग्रामीण पुरानी परंपराओं का आज भी निर्वहन करते है। फाग गीत गाकर लोग होली मनाते हैं और गले मिलते हैं। इनकी रही उपस्थिति बैठक में पंडित नर्मदा प्रसाद दुबे, गणेश चौबे, जगदीश यादव, खिलान यादव विधायक प्रतिनिधि, अशोक जैन, निर्मल जैन, राजकुमार चौहान, दिनेश जैन, सरपंच लटोरी यादव, धर्मेंद्र ठाकुर, संतोष यादव, प्रेमलाल आहिरवाल सहित पुलिस स्टॉफ उपस्थित रहा।



## अशांति फैलाने पर की जाएगी सख्त कार्यवाही

नवभारत,हटा/दमोह. पुलिस अनुविभाग हटा अंतर्गत आने वाले थाना रनेह में आगामी होली पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नायब तहसीलदार राजेश कुमार सोनी, थाना प्रभारी चंदन सिंह निरंजन, पुलिस स्टाफ आरक्षक श्रीराम प्रजापति, हर्ष पटेल, ब्रजेश ठाकुर सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न समाजों के प्रमुख उपस्थित रहे। बैठक में थाना प्रभारी ने कहा कि होली आपसी भाईचारे और प्रेम का त्योहार है,जिसे सभी को शांति एवं सद्भाव के साथ मनाना चाहिए।पर्व के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा विशेष गश्त की जाएगी तथा हुड़दंग की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।पुलिस ने स्पष्ट किया कि हुड़दंग, नशाखोरी, जबरन रंग लगाने एवं सार्वजनिक शांति भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।बैठक में उपस्थित नागरिकों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दियाअंत में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि होली पर्व पारंपरिक मर्यादा व भाईचारे के साथ मनाया जाएगा, जिससे क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे।

## एसडीओपी ने शांति समिति की बैठक में दिए निर्देश



**नवभारत,पथरिया 1 मार्च।** थाना परिसर में होली के पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें एसडीओपी प्रिया सिंधी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि शांति और सुरक्षा के साथ होली का त्यौहार मनाएं। जबरदस्ती किसी को भी रंग नहीं लगाए। उन्होंने पुलिस प्रशासन से कहा कि त्यौहार के दौरान नियमित पेट्रोलिंग की जाए। अगर कोई समस्या आती है तो नागरिक फोन या एसएमएस भी कर सकते हैं। बैठक में उपस्थित सदस्यों की समस्या और सुझाव सुने गए। विशेष रूप से बच्चों की परीक्षाओं को लेकर चिंता जताई गई। इस पर एसडीओपी ने कहा कि निर्धारित समय सीमा के बाद यदि डीजे और तेज ध्वनि के साउंड यदि कहीं भी ध्वनि प्रदूषण करते हुए सुनाई देते हैं तो वह कानूनी कार्यवाही के लिए तैयार रहे। ऐसा प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट शब्दों में निर्देशित किया। डीजे की तेज आवाज पर नागरिकों ने जताई चिंता बैठक में आम नागरिकों ने भी अधिकारियों को सुझाव दिया कि परीक्षाओं के दौरान तेज ध्वनि के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है, इसलिए ध्वनि प्रदूषण पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में तहसीलदार दीपा चतुर्वेदी, तहसीलदार, थाना प्रभारी अमित मिश्रा सहित नगर के जनप्रतिनिधिओं, गणमान्य नागरिकों एवं पत्रकारों की उपस्थिति रहीं।

## कलेक्टर और पुलिस ने निकाली बाइक रैली



**लोगों को दिया सुरक्षा का भरोसा**

नवभारत,दमोह. शहर में टीम उम्मीद के पहल द्वारा लगातार स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है.इस रविवार को 17 वां साप्ताहिक स्वच्छता अभियान बेलाताल पार्क में चलाया गया. जहां की उम्मीद के सदस्यों के साथ कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर व एएसपी सुजीत सिंह भदोरिया, टीआई मनीष कुमार, टीआई यातायात दलबीर सिंह मार्को, सुशील नामदेव और पुलिस प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद रहे. इस स्वच्छता अभियान के बाद एक बाइक रैली पुलिस प्रशासन के सहयोग से निकाली गई.सभी लोग हेलमेट पहन कर बाइक चलाते हुए शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए कोतवाली पहुंचे.

## हिंदी और बुंदेली भाषा से समाहित नाटक का मंचन

**राष्ट्रीय नाट्य समारोह का चतुर्थ दिवस : जिले की अग्रणी नाट्य संस्था युवा नाट्य मंच का आयोजन**

**नवभारत,दमोह. संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से जिले की अग्रणी नाट्य संस्था युवा नाट्य मंच के द्वारा शहर के अस्पताल चैक स्थित मानस भवन में आयोजित किए जा रहे 21वें 5 दिवसीय नाट्य समारोह के चतुर्थ दिवस भोपाल की स्ट्रीट फैक्ट कल्चरर एंड वेलफेयर सोसायटी के कलाकारों द्वारा बुंदेली और हिंदी भाषा से समाहित नाटक लछिया का मंचन किया गया.**

**आज लोकमाता अहिल्या की प्रस्तुति से समापन**



नाट्य समारोह के पांचवें दिवस समापन अवसर पर स्थानीय रंग समूह युवा नाट्य मंच द्वारा भारतीय इतिहास और नारी शक्ति की गौरव गाथा का प्रतीक देवी अहिल्या बाई होल्कर पर आधारित नाटक लोकमाता अहिल्या का मंचन किया जाएगा.नाटक के लेखक डॉ उमेश चैरसिया और निर्देशक वरिष्ठ रंगकर्मी राजीव अयाची है.

## अपमान और मारपीट का मामला, 13 नामजद सहित अन्य पर एफआईआर

**नवभारत,पटेरा/दमोह.** जिले के पटेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोटा में शनिवार शाम मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया.बस स्टैंड पर खड़े कोरी समाज के युवकों के साथ कथित रूप से गाली-गलौज, जातिगत अपमान और मारपीट की घटना सामने आई है.पुलिस ने मामले में 13 नामजद आरोपियों सहित 4-5 अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है.घटना का विवरण यह है कि पुलिस में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, फरियादी मनोज कोरी (20 वर्ष) अपने मित्र आनंद साहू के साथ बस स्टैंड पर खड़ा था.आरोप है कि तभी सुन्नू उर्फकासिम शाह वहां पहुंचा और बिना कारण गाली-गलौज शुरू कर दी.

## आपातकाल के 50 वर्ष,भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक, विषय पर जिला स्तरीय आयोजन

**विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026**

**नवभारत, दमोह।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस ज्ञानचंद श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026 के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य डॉ पीके जैन के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ जिसका विषयआपातकाल के 50 वर्ष रू भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक था।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ हुआ।तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया।मुख्य वक्ता साहित्यकार नरेंद्र दुबे ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र को सशक्त बनाने में युवाओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।उन्होंने प्रभावी भाषण कला, तार्किक क्षमता व लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सजगता को युवाओं के लिए अनिवार्य बताया।राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. इंदिरा जैन ने संसदीय लोकतंत्र में संवाद, विचारों की गुणवत्ता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि युवाओं में राजनीतिक जागरूकता लोकतंत्र की स्थिरता का आधार है।विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने प्रभावशाली एवं तथ्यपरक विचार प्रस्तुत किए।जिसमें प्रथम संजना पटेल, द्वितीय प्रतिभा शर्मा, तृतीय सौम्या पांडे, चतुर्थ सतीश अहिरवार और पांचवां स्थान अजय कुशवाहा का रहा। विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। प्रथम चयनित पांच प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु किया गया,जिन्हें आगामी चरण के लिए भेजा जाएगा।





कार्यक्रम का संचालन डॉ.राहुल दुबे द्वारा और आभार प्रदर्शन एनएसएस जिला संगठक डॉ. जितेंद्र कुमार चौधरी ने किया।इस अवसर पर जिला समन्वयक मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद सुशील नामदेव,सहायक प्राध्यापक डॉ.मंगल सिंह अहिरवार, बीडी रैकवार,इरफान खान,विनोद साहू,नाजनीन बेगम,दीपा पांडे,सिद्धार्थ जाउरकर,डॉ अनिल जैन सहित स्टाफ उपस्थित रहा।

## कलेक्ट्रेट सभागार में रखा गया पत्रकार होली मिलन समारोह

**नवभारत,दमोह.** रविवार दोपहर कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की अध्यक्षता में व एएसपी सुजीत सिंह भदोरिया, सीएसपी एचआर पांडे, जिला जनसंपर्क अधिकारी वायए कुरैशी,टीआई मनीष कुमार, यातायात दलबीर सिंह मार्को की उपस्थिति में होली मिलन समारोह रखा गया.कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने पत्रकारों के साथ न केवल होली मिलन किया, बल्कि विकास कार्यों, शहर की व्यवस्थाओं और जनहित से जुड़े मुद्दों पर खुलकर चर्चा की.कार्यक्रम में स्पष्ट संदेश दिया कि बेहतर प्रशासन के लिए खुला संवाद और पारदर्शिता आवश्यक है. कार्यक्रम की शुरुआत तिलक और प्राकृतिक गुलाल से हुई.कलेक्टर कोचर ने कहा कि पत्रकारों से संवाद निरंतर चलता रहता है, किंतु सामूहिक बैठक का अपना विशेष महत्व है.आप हमारी कार्यप्रणाली के आईना हैं. आपकी समालोचना हमें बेहतर काम करने की प्रेरणा देती है उन्होंने कहा. उनका यह भी कहना था कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि प्रत्येक माह इस प्रकार का संवाद हो, ताकि विकास कार्यों की जानकारी समय पर साझा हो और समस्याओं का समाधान सामूहिक प्रयास से निकले. पत्रकारों के आवास और सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर भी विस्तृत चर्चा हुई.पत्रकार कॉलोनी की संभावनाओं पर विचार-विमर्श हुआ और इस संबंध में प्रस्तावों को शासन स्तर तक भेजने की बात कही गई.

### एक नजर में

## गोपाल प्रदेश महामंत्री नियुक्त किए गये



**नवभारत,दमोह।** जिले के लोकप्रिय सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता गोपाल पटेल का जीवन संघर्ष, सेवा और समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण है। ग्राम पालर, पोस्ट मुड़िया, जिला दमोह (म.प्र.) के निवासी श्री पटेल का जन्म 03 जुलाई 1968 को स्व. अंतराम पटेल के परिवार में हुआ। वे कृषि कार्य से जुड़े रहते हुए समाज एवं संगठन के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय रहे हैं। बी.ए.शिक्षित श्री पटेल ने वर्ष 1987 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक के रूप में अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत की। राजनीतिक जीवन में भी उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है। वे वर्ष 2016 से 2021 तक भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा, दमोह के जिला अध्यक्ष रहे तथा वर्ष 2022 से भारतीय जनता पार्टी, दमोह के जिला महामंत्री के रूप में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।



## लीनेस क्लब द्वारा महिला स्वास्थ्य जागरूकता अभियान

**नवभारत,दमोह.** शहर की पिछड़ी बस्तियों में सामाजिक संस्था लीनेस क्लब द्वारा महिला स्वास्थ्य जागरूकता व सेनेटरी पैड वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की किशोरियों व महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें आवश्यक स्वच्छता सामग्री उपलब्ध कराना साथ ही कार्यक्रम के दौरान क्लब की सदस्यों ने उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं को सेनेटरी पैड के सही उपयोग की विस्तृत जानकारी दी।

## रनेह साहू समाज की बैठक आयोजित




**नवभारत,हटा/दमोह.** साहू समाज की आराध्य भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी जयंती समारोह को भव्यता से मनाने साहू समाज की बैठक कालूराम कोटिया के निज निवास पर आयोजित की गई। बैठक में स्वजातीय बंधुओं की उपस्थिति में 15 मार्च रविवार को मां कर्मा देवी की 1010वीं जयंती मनाने के संदर्भ में सामाजिक बंधुओ ने अपने विचार रखे। सभी ने सर्वसम्मति से प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी रनेह में मां कर्मा देवी की 13वीं जयंती हर्षोल्लास पूर्वक मनाने की बात रखी। बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया 15 मार्च रविवार को प्रातः 10:00 बजे श्री श्री 1008 श्री कौशलाधीश मंदिर परिसर में मां कर्मा देवी की आरती पश्चात भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जो नगर भ्रमण कर पुनः कौशलाधीश मंदिर पहुंचेगी, जहां मंचीय कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम होगें।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत



नवभारत,तेन्दूखेड़ा/दमोह. शनिवार की देर-रात तेन्दूखेड़ा पाटन मार्ग पर स्थित हड़ऊ की घटिया पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से तेन्दूखेड़ा निवासी एक व्यक्ति की मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है. मामला पाटन थाना क्षेत्र का है, मृतक की पहचान तेन्दूखेड़ा के वार्ड क्रमांक 4 के रुप में हुई है.घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार मनोज पिता शारदा प्रसाद साहू उम्र 48 वर्ष निवासी तेंदूखेड़ा है. जो सुबह किसी काम को लेकर अन्य साथी सौरभ साहू के साथ बाइक से जबलपुर गए हुए थे.जहां देर शाम जबलपुर से वापस तेन्दूखेड़ा आते समय पाटन थाना क्षेत्र के अंतर्गत तेन्दूखेड़ा मार्ग पर स्थित हड़ऊ की घाट पर अधे मोड़ पर ट्रैक्टर की चपेट में आने से घटनास्थल पर मौत हो गई.पाटन पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अज्ञात वाहन है.पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है.घटना को लेकर मिली जानकारी अनुसार बाइक सवार दो लोग थे, जिसमें मनोज साहू और सौरभ साहू बताया गया है बाइक से कुछ सामग्री नीचे गिर गई.जिसको उठाने के लिए बाइक रोकी गई और सामग्री उठाने का प्रयास किया.तभी अचानक से तेज रफ्तार अज्ञात वाहन आ गया.जिसकी चपेट में मनोज साहू आ गए, बाइक सवार युवक मनोज साहू अज्ञात वाहन के टायर के नीचे आने से कमर के नीचे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया.



## 9 माह की मासूम के साथ दुष्कर्म, पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को किया गिरफ्तार

**नवभारत,दमोह.** जिले के नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत 9 माह की मासूम के साथ दुष्कर्म की घटना घटित हुई है. शुक्रवार रात परिजन मासूम को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां कलेक्टर सुधीर कोचर और पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी के निर्देशन में सुजीत सिंह भदोरिया एएसपी, सीएसपी एचआर पांडे, टीआई कोतवाली मनीष कुमार, टीआई,अंजलि अग्निहोत्री, थाना प्रभारी अभिषेक पटेल, चौकी प्रभारी मनीष यादव सहित पुलिस के अधिकारियों की मौजूदगी रही



## होली, ईद को लेकर दमोह पुलिस अलर्ट

**नवभारत, दमोह।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदोरिया के मार्गदर्शन में सीएसपी एचआर पांडे के नेतृत्व में टीआई कोतवाली मनीष कुमार,टीआई यातायात दलबीर सिंह मार्को, सूबेदार अभिनव साहू, एएसआई दिनेश गोस्वामी ने पुलिस बल के साथ कोतवाली चौराहा, घंटाघर, एवरेस्ट लाज,बस स्टैंड का आगामी त्योहारों में कानून व्यवस्था शांति व्यवस्था का संवेदनशील स्थलों से पैदल फ्लैग मार्च निकाला गया.

# भीषण सड़क हादसे में दो की मौत

नवभारत,दमोह.सोमवार को दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई.हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक 5 वर्षीय मासूम बच्ची सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. सभी घायलों का उपचार जिला अस्पताल में जारी है.घटना की सूचना मिलते ही नोहटा थाना प्रभारी अभिषेक पटैल मौके पर पहुंचे और घायलों को तत्काल एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया गया.इलाज के दौरान हेमराज लोधी ने दम तोड़ दिया. उनकी पत्नी नीमा लोधी और 3 वर्षीय बच्ची अंजली की हालत नाजुक बताई जा रही है.बच्ची को बेहतर उपचार के लिए जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया जा रहा है.जानकारी के अनुसार हेमराज लोधी अपनी पत्नी और बच्ची के साथ ग्राम सेमरा में तेहरवीं कार्यक्रम में शामिल होकर वापस लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया. वहीं दूसरी बाइक पर सवार भरत लोधी निवासी ग्वारी की भी मौत हो गई.उसके साथी तेजी लोधी निवासी ग्वारी और संतोष लोधी निवासी हिनौती गंभीर रूप से घायल हैं, जिनका इलाज जिला अस्पताल में जारी है पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.



# दो से तीन एकड़ में अफीम की खेती

## पुलिस अधीक्षक पहुंचे

**नवभारत,दमोह.जिले के तेजगढ़ थाना अंतर्गत इमलिया चौकी क्षेत्र में 1 मार्च रविवार को पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग ढाई एकड़ में फैली अवैध अफीम की खेती का खुलासा किया.यह कार्रवाई सुहेला ( पौड़ी ) गांव में की गई, जहां सामान्य कृषि फसल के बीच सुनियोजित तरीके से अफीम उगाई जा रही थी.गोपनीय सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी व एएसपी सुजीत सिंह भदोरिया के निर्देशन में पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और पूरे खेत की घेराबंदी कर दी.**

प्रारंभिक आकलन के अनुसार जब्त की गई फसल की कीमत एक करोड़ रुपये से अधिक बताई जा रही है.बड़े रकबे में फैली फसल को नष्ट करने के लिए मजदूरों की मदद ली जा रही है और पुलिस बल की निगरानी में पौधों को उखाड़ा जा रहा है.संबंधित व्यक्ति को हिरासत में लेकर मादक पदार्थ अधिनियम के तहत कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है.अधिकारियों का कहना है कि सूचना मिलते ही तत्काल कार्रवाई की गई और अवैध फसल को नष्ट करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है.



सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी खेतों में बाइक चलाकर पहुंचे.साथ ही एसडीओपी अर्चना अहीर, थाना प्रभारी अरविंद सिंह,चौकी प्रभारी अक्षेंद नाथ सहित पुलिस पहुंची और कार्रवाई में जुटी हुई है.

## श्री अरिहंत चक्र महामंडल विधान में मुनि संघ के सानिध्य में 24 तीर्थंकर के अर्घ्य समर्पित

नवभारत,दमोह. नगर के मध्य उमा मिस्त्री की तलैया में सकल जैन समाज द्वारा नन्हे मंदिर नवीन निर्माण कार्य हेतु श्री अरिहंत चक्र 24 समवशरण महामंडल विधान चल रहा है। विधान के छठवें दिन 24 तीर्थंकरों का पूजन करके अर्घ्य समर्पित किए गए। सोमवार को सहस्त्र कूट विधान में 1008 वर्ग चढ़ाए जाएंगे।



## मासिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन

**नवभारत,दमोह.** शहर के असाटी वार्ड नंबर एक संस्कार भवन दमोह में असाटी महिला समिति द्वारा फाल्गुन माह के पावन पर्व पर श्रीमती वर्षा सौरभ असाटी द्वारा मासिक भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यक्रम का शुभारंभ राम दरबार की पूजा करके सुंदरकांड का गान किया गया।समस्त पदाधिकारी गण संरक्षक मंडल मार्गदर्शक मंडल के सभी सदस्यों के साथ-साथ समाज की अधिक संख्या में बहनों की भरपूर उपस्थित रही, सभी बहनों ने मिलकर पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की।

